संख्या-4/1001/तीस-1-2014-5(4)/2014

प्रेषक,

कुमार अरविन्द सिंह देव,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम,
लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-1 लखनऊ:दिनांक 25 अक्टूबर 2014

विषयः पी0पी0पी0 मॉडल के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों के विकास के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर शासनादेश संख्या-3/613/तीस-1-2014-5-(4)/2014, दिनांक 16-07-2014 तथा अपने पत्र संख्या-219/पी0पी0पी0/14-02प्ला0सेल/12, वैल्यूम-नौ (एन0 एस0) टी0सी0-2-(।।), दिनांक 15-10-2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भित शासनादेश दिनांक 16-07-2014 द्वारा पी0पी0पी0 माडल के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के 10 बस स्टेशनों के विकास हेतु कतिपय शर्तो के अधीन निविदा प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए आर0एफ0क्यू0 (रिक्वेस्ट फार क्वालीफिकेशन), आर0एफ0पी0 (रिक्वेस्ट फार प्रपोजल) एवं कन्सेशन एग्रीमेन्ट निर्गत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त 10 बस स्टेशनों में बस स्टेशन आलमबाग, लखनऊ भी सम्मिलित है।

3- बस स्टेशन आलमबाग, लखनऊ के विकास हेतु मे0 शालीमार कारपोरेशन लि0 गोमतीनगर लखनऊ से प्राप्त बिड प्रस्ताव के आधार पर उक्त बिडर कम्पनी को चयनित किये जाने तथा संदर्भित शासनादेश दिनांक 16-07-2014 के अधीन तीन अन्य बस स्टेशनों विभूतिखण्ड, गोमतीनगर लखनऊ, बरेली सेटलाईट, एवं गोरखपुर को पी0पी0पी0 माडल पर विकसित किये जाने के संबंध में आपके संदर्भित पत्र दिनांक 15-10-2014 द्वारा प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- आपके उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो के अधीन बी0ई0सी0 की बैठक दिनांक 26-09-2014 में की गयी संस्तुति के अनुसार पी0पी0पी0 माडल पर आलमबाग बस स्टेशन लखनऊ के विकास हेतु मे0 शालीमार कारपोरेशन लि0 गोमतीनगर लखनऊ को चयनित किये जाने व उसके साथ एग्रीमेन्ट निष्पादित किये जाने तथा संदर्भित शासनादेश दिनांक 16-07-2014 द्वारा स्वीकृत बिड डाक्यूमेन्ट (आर0एफ0क्यू0,आर0एफ0पी0 व कन्सेशन एग्रीमेन्ट) व उसमें अनुमोदित व्यवस्था के अनुसार अपफ्रन्ट प्रीमियम, ऐनुवल कन्सेशन फीस निर्धारण के अनुसार तीन स्थानों विभूतिखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ, बरेली सेटेलाइट एवं गोरखपुर को पी0पी0पी0 माडल पर विकसित किये जाने हेतु सम्मिलित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि आलमबाग बस स्टेशन लखनऊ को पी0पी0पी0 माडल पर विकसित करने के संबंध में प्राप्त एकल प्रस्ताव का परीक्षण आर0एफ0क्यू एवं आर0एफ0पी0 में निहित प्राविधानों के अनुसार किया गया है तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा पी0पी0पी0 माडल के संबंध में समय-समय पर निर्गत शासनादेश एवं मानक गाइड लाइन्स के अनुरूप है।

(2) उक्त परियोजना के संचालन पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई देयता उत्पन्न होती है तो उसका वहन उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा कोई धनराशि/सहायता नहीं दी जायेगी।

(3) प्रकरण में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा जारी पी0पी0पी0 गाइड लाइन्स तथा इस संबंध में समय-समय पर जारी शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

5- अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कुमार अरविन्द सिंह देव)
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in